दिन–शुक्रवार  दिनांक– 03 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।  अवधिः– 15 मिनट

---

01. बीपीएससी की सत्तरवीं प्रारंभिक परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर प्रदेशभर में छात्रों का प्रदर्शन जारी। कई जगहों पर रेल और सड़क यातायात हुआ बाधित।

02. कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पटना के बापू परीक्षा परिसर की रद्द हुई बीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा कल पटना के बाईस केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी।

03. शिक्षा विभाग ने कहा– चरणबद्ध ढंग से होगा शिक्षकों का ट्रान्सफर। विधवा और दिव्यांग शिक्षकों का पहले चरण में होगा तबादला।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान–अगले दो दिनों तक ठंड से राहत की उम्मीद नहीं। कुहासे के कारण रेल, सड़क और हवाई यातायात हुआ प्रभावित।

————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग की सत्तरवीं संयुक्त एकीकृत प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर प्रदेशभर में छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शन के चलते कई जगहों पर रेल और सड़क यातायात बाधित हुआ। हमारे संवाददाता ने बताया कि राजधानी पटना में विभिन्न छात्र संगठनों का प्रदर्शन जारी है।

———बाईट———

पटना के विभिन्न इलाकों में छात्रों ने परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। सांसद पप्पू यादव के नेतृत्व में छात्रों ने सचिवालय हॉल्ट स्टेशन पर ट्रेन रोककर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पटना–बाईपास को भी जाम कर नारेबाजी की। राजद छात्र संगठन, एनएसयूआई, एआईएसएफ और एआईएसए समेत विभिन्न छात्र संगठन पटना में प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी सीएम आवास के घेराव के लिए गांधी मैदान स्थित करगिल चौक से निकले थे, लेकिन पुलिस ने डाकबंगला चौराहे पर सभी को रोक दिया। इधर, गर्दनीबाग में आज भी छात्र धरना पर बैठे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष कुमार।

इधर, विभिन्न जिला मुख्यालयों में भी छात्रों ने प्रदर्शन किया। मधेपुरा में छात्रों ने ट्रेन रोककर प्रदर्शन किया। सासाराम, औरंगाबाद, लखीसराय, सहरसा, सुपौल, किशनगंज, भागलपुर और अररिया समेत विभिन्न जिला मुख्यालयों में भी छात्रों ने परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

————————————————————————

इस बीच, बिहार लोक सेवा आयोग ने कहा है कि पटना के बापू परीक्षा परिसर की रद्द हुई सत्तरवीं एकीकृत संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा कल पटना के बाईस केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। आयोग ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष परीक्षा के आयोजन को लेकर व्यापक प्रबंध किए हैं।

———————————————————————

शिक्षा विभाग ने कहा है कि शिक्षकों के स्थानांतरण में विधवा औन दिव्यांग शिक्षकों को प्राथमिकता दी जायेगी। विभाग के अनुसार विशेष परिस्थिति में स्थानांतरण के लिए एक लाख नब्बे हजार शिक्षकों ने आवेदन दिया है। ब्यौरा हमारी संवाददाता से

———बाईट———

स्थानांतरण के लिए प्राप्त आवेदनों का निष्पादन चरणबद्ध तरीके से किया जायेगा। प्राथमिक शिक्षा निदेशक पंकज कुमार ने बताया कि प्रथम चरण में असाध्य रोग, दिव्यांगता और मानसिक दिव्यांगता से पीड़ित शिक्षकों तथा विधवा और परित्यक्त महिला शिक्षिकाओं का स्थानांतरण होगा। वहीं, दूसरे चरण में पति–पत्नी के पदस्थापन के आधार पर स्थानांतरण होगा। तीसरे चरण में ऐच्छिक स्थान से वर्तमान पदस्थापन की दूरी के कारण शिक्षिकाओं से प्राप्त आवेदन और चौथे चरण में पुरूष शिक्षकों से प्राप्त आवेदन के आधार पर स्थानांतरण किया जायेगा। समाचार कक्ष से कामिनी ठाकुर।

———————————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत तेरह जिलों में विकास परियोजनाओं के लिए दो सौ पच्चीस करोड़ रूपये की राशि आवंटित की गई है। योजना और विकास विभाग के द्वारा आयोजित संवाददाता सम्मेलन में विभाग के प्रधान सचिव के. सेंथिल कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नीति आयोग द्वारा अगस्त दो हजार चौबीस की जारी रैंकिंग में बेगूसराय जिले को देशभर में पहला स्थान मिला है। वहीं, नवादा और सीतामढ़ी जिला तीसरे स्थान पर रहा।

———बाईट———

प्रधान सचिव ने बताया कि आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के लिए नीति आयोग द्वारा जारी पहली डेल्टा रैंकिंग में सीवान जिले के आंदर प्रखंड को समग्र प्रदर्शन के लिए देशभर में पहला स्थान मिला है। कार्यक्रम के तहत राज्य के सत्ताईस जिलों के इकसठ प्रखंड शामिल हैं।

———————————————————————————

बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधान पार्षद वंशीधर ब्रजवासी ने आज सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली। सभापति अवधेश नारायण सिंह ने उन्हें शपथ दिलाई। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में श्री ब्रजवासी ने कहा कि वे शोषण के खिलाफ आवाज उठाते रहेंगे।

———बाईट———

———————————————————————————

प्रदेश के सरकारी क्रय केन्द्रों पर अब तक ग्यारह लाख पच्चीस हजार मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है। यह तय लक्ष्य का एक चौथाई है। राज्य सरकार ने इस वर्ष पैंतालीस लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है। धान खरीद की समय सीमा पन्द्रह फरवरी तक निर्धारित की गई है।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में ग्रामीण भारत महोत्सव दो हजार पच्चीस का उद्घाटन करेंगे। इस महोत्सव का लक्ष्य ग्रामीण बुनियादी ढांचे का विकास करना, आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्थाओं का निर्माण करना और ग्रामीण समुदायों के बीच नवाचार को बढ़ावा देना है। छह दिवसीय महोत्सव का विषय वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्वोत्तर भारत पर विशेष ध्यान देते हुए ग्रामीण जनसंख्या के बीच आर्थिक स्थिरता और वित्तीय सुरक्षा को बढ़ावा देना है।

———————————————————————————

पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड और कुहासे की चपेट में है। आज सुबह राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहा। दृश्यता कम होने के चलते रेल, सड़क और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकांश स्थानों का न्यूनतम तापमान दस डिग्री

सेल्सियस से नीचे चला गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पांच दशमलव चार डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ बांका राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। आज बक्सर, औरंगाबाद, अरवल, कैमूर, गया, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जिले में कुछ स्थानों पर शीत दिवस की स्थिति बनी हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले दो दिनों तक तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

---बाईट---

---------------------------------------------------

सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के तीन सौ अंठावनवें प्रकाश पर्व को लेकर पटना सिटी स्थित तख्तश्री हरमंदिर साहिब में तैयारियां जोरों पर है। प्रकाशोत्सव में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं का जत्था पटना साहिब पहुंचने लगा है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के गुरविंदर सिंह ने बताया कि कल बड़ी प्रभात फेरी और पांच जनवरी को नगर कीर्तन शोभा यात्रा निकाली जायेगी। मुख्य समारोह का आयोजन छह जनवरी को होगा।

---बाईट---

इधर, प्रकाशोत्सव को लेकर पटना जिला प्रशासन की ओर से व्यापक प्रबंध किये गये हैं। जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि भीड़ प्रबंधन के लिए तिरासी जगहों पर एक सौ पंद्रह मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गयी है। साथ ही यातायात नियंत्रण और पार्किंग के लिए उचित व्यवस्था की गयी है। प्रकाशोत्सव को लेकर आज से सात जनवरी तक पटना सिटी में भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगा दी गई है।

---------------------------------------------------

पूर्व रेलमंत्री ललित नारायाण मिश्र की इक्यावनवीं पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। इस अवसर पर ललित बाबू के पैतृक गांव सुपौल के बलुआ बाजार में राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री नीरज कुमार बबलू, स्थानीय सांसद दिलेश्वर कामैत और जिलाधिकारी कौशल कुमार समेत कई गणमान्य लोगों ने ललित नारायण मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इधर, समस्तीपुर रेलवे स्टेशन स्थित ललित बाबू की शहादत स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

———————————————————

मैथिली अकादमी के पूर्व अध्यक्ष और आकाशवाणी पटना के चर्चित कार्यक्रम चौपाल के लोकप्रिय चरित्र मुखिया जी, गौरीकांत चौधरी "कांत" की जयंती आज उनके पैतृक गांव समस्तीपुर जिले के मुजौना में समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वक्ताओं ने गौरीकांत चौधरी के व्यक्तित्व और साहित्यिक ककृतित्व पर प्रकाश डाला।

———————————————————

बिहार नेत्रहीन परिषद ने राज्य सरकार से दिव्यांगों के कल्याण के लिए अलग विभाग के गठन की मांग की है। लूई ब्रेल की जयंती की पूर्व संध्या पर पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में परिषद के सचिव एन.के. शर्मा ने कहा कि इससे दिव्यांगजनों का कल्याण सुनिश्चित होगा।

———————————————————

नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय लॉन बॉल्स प्रतियोगिता में मुंगेर जिले के चंदन ने सीनियर पुरूष वर्ग में कांस्य पदक जीता है। उनकी इस उपलब्धि पर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रन शंकरण ने प्रसन्नता जताते हुए उन्हें बधाई दी है।

———————————————————

जमुई जिले के झाझा सिमुलतला मुख्य मार्ग पर नरगंजों के पास एक वाहन के अनियंत्रित होकर पलट जाने से चार युवकों की मौत हो गई। हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर, कैमूर में सड़क हादसे में स्कूटी सवार एक महिला की मौत हो गई।

———————————————————

पटना के रूपसपुर में पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम ने एक ट्रक से तीस लाख रूपये मूल्य की शराब बरामद की है। मौके से चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

———————————————————————

सुपौल के सीमा चौकी कुनौली से एसएसबी की टीम ने छह सौ बहत्तर किलो गांजा बरामद किया है। मौके से किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी।

———————————————————————

अररिया जिले के नरपतगंज थाना क्षेत्र के गोखलापुर में अगलगी की घटना में आधा दर्जन से अधिक घर जलकर नष्ट हो गए।

———————————————————————

मधेपुरा पुलिस ने वर्ष दो हजार चौबीस में इक्कीस ईनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस द्वारा पेश की गई वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार तीन लाख रूपये के एक ईनामी अपराधी को मुठभेड़ में मार गिराया गया। बीते वर्ष दो सौ बावन हथियार और चार सौ उनतीस कारतूस जब्त किए गए।

———————————————————————

01. बीपीएससी की सत्तरवीं प्रारंभिक परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर प्रदेशभर में छात्रों का प्रदर्शन जारी। कई जगहों पर रेल और सड़क यातायात हुआ बाधित।

02. कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पटना के बापू परीक्षा परिसर की रद्द हुई बीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा कल पटना के बाईस केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी।

03. शिक्षा विभाग ने कहा– चरणबद्ध ढंग से होगा शिक्षकों का ट्रान्सफर। विधवा और दिव्यांग शिक्षकों का पहले चरण में होगा तबादला।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान–अगले दो दिनों तक ठंड से राहत की उम्मीद नहीं। कुहासे के कारण रेल, सड़क और हवाई यातायात हुआ प्रभावित।

———————————————————————

समाप्त